COPYRIGHT RESERVED FYU-ESUE(VI) — PPG
(MJ – 15)

2025

(Session : 2022-26)

Time : 3 hours

Full Marks : 75

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.
परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें ।

The figures in the margin indicate full marks.
उपांत के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं ।

Answer from both the Groups as directed.
निर्देशानुसार दोनों खण्डों से उत्तर दें ।

Group – A

खण्ड – अ

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें : 1×10 = 10

(क) भारतीय साहित्य में निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा सम्मिलित नहीं है ?

(i) तमिल (ii) गुजराती

(iii) छत्तीसगढ़ी (iv) तुर्की

(ख) जनपदीय साहित्य का प्रमुख आधार क्या है ?

(i) शहरी जीवन

(ii) संस्कृत ग्रन्थ

(iii) लोक संस्कृति और परम्परा

(iv) अंग्रेजी साहित्य

(ग) आदिवासी साहित्य का प्रमुख उद्देश्य क्या है ?

(i) व्यापारिक प्रचार

(ii) धार्मिक प्रचार

(iii) आदिवासी समाज की अभिव्यक्ति

(iv) शुद्ध मनोरंजन

(घ) निम्न में से कौन–सी भाषा झारखण्डी आदिवासी साहित्य में अधिक प्रयुक्त होती है ?

(i) संथाली (ii) गुजराती

(iii) उर्दू (iv) खड़िया

(ङ) भारतीय और झारखण्डी साहित्य का सम्बन्ध किस आधार पर स्थापित होता है ?

(i) ऐतिहासिक युद्धों से

(ii) धर्मांतरण से

(iii) विषय, विचार और शैली के आदान–प्रदान से

(iv) तकनीकी–विकास से

(च) आदिवासी साहित्य में जीवन-दर्शन किस रूप में अभिव्यक्त होता है ?

(i) धार्मिक चमत्कारों में

(ii) प्रकृति और सामूहिकता में

(iii) विदेश यात्राओं में

(iv) व्यवसायिक सफलता में

(छ) निम्न में से कौन-सी आदिवासी भाषा नहीं है ?

(i) मुंडारी (ii) कुड़ुख

(iii) हो (iv) तेलुगु

(ज) भारतीय साहित्य की विशेषता क्या है ?

(i) एक भाषीयता

(ii) बहु भाषीयता

(iii) विदेशी प्रभाव से मुक्त होना

(iv) केवल धार्मिक होना

(झ) आदिवासी साहित्य का मुख्य मूल्य क्या है ?

(i) शोषण और उपभोग

(ii) जीवन संघर्ष और प्रकृति प्रेम

(iii) धर्मांतरण

(iv) तकनीकी-विकास

(ञ) आदिवासी साहित्य की मौलिकता किसमें निहित है ?

(i) शहरी संस्कृति में

(ii) पश्चिमी प्रभाव में

(iii) लोकजीवन और मौखिक-परंपरा में

(iv) धार्मिक ग्रन्थों में

(लघु-उत्तरीय प्रश्न)

2. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखें : 5

(क) आदिवासी साहित्य की प्रमुख विशेषताएँ क्या है ?

(ख) भारतीय साहित्य और झारखण्डी साहित्य के बीच किस प्रकार का सम्बन्ध है ?

Group – B

खण्ड – ब

(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दें : 15×4 = 60

(क) भारतीय साहित्य की विविधता पर प्रकाश डालिए और यह बताइए कि क्षेत्रीय भाषाओं का इसमें क्या योगदान है ?

(ख) जनपदीय साहित्य की परिभाषा, विशेषताएँ और भारतीय समाज में उसकी भूमिका का विश्लेषण कीजिए ।

(ग) आदिवासी साहित्य की संकल्पना एवं उसकी संरचना का सम्यक् विवेचन कीजिए ।

(घ) आदिवासी साहित्य की मौखिक परम्परा और उसकी विशिष्टताओं पर विस्तृत टिप्पणी लिखिए ।

(ङ) आदिवासी साहित्य में जीवन-दर्शन किस प्रकार अभिव्यक्त होता है ? उपयुक्त उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

(च) आदिवासी साहित्य की पृष्ठभूमि, चेतना और उसके सामाजिक महत्व का आलोचनात्मक विवेचन कीजिए ।